THE HINDU

Date: 20-09-25

# Shifting sands

## *India's West Asia policy must maintain a strategic balance*

**Editorial**

The signing of a mutual defence agreement between Saudi Arabia and Pakistan, which declares that "any aggression ... shall be considered an aggression against both", is a moment of consequence for both countries as well as for West and South Asia. Saudi Arabia, the custodian of Islam's two holiest mosques, and Pakistan, the Islamic world's only nuclear power, have always enjoyed a special relationship. Pakistan has trained Saudi forces for decades, while the kingdom has provided generous financial assistance, including help for Islamabad's nuclear programme. With the agreement, this partnership has now been institutionalised. Yet, its timing, announced a week after Israel bombed Qatar, underlines the shifting sands in the Persian Gulf's security landscape. For decades, its monarchies relied on solid security guarantees from the U.S. But with the U.S. focus shifting away from West Asia, the durability of the old framework has come into question. When Saudi oil installations were attacked by Iranian allies in 2019, the U.S. did nothing. Israel's attack on Qatar, which hosts America's largest base in West Asia, seems to have expedited the realignment.

In the Abraham Accords, the U.S. tried to bring the Arab monarchies and Israel closer to build a common front against Iran. Four Arab countries, including the UAE, signed up, and Saudi Arabia was expected to follow. But the Hamas attack of October 7, 2023 and Israel's Gaza war, which has spilled into other countries, have derailed the process. With the Pakistan agreement, Saudi Arabia is sending a clear signal to Washington and Tel Aviv that it is diversifying its security alliances. For Pakistan, which desperately needs Saudi financial assistance, closer defence ties at a time when Gulf monarchies are rattled by Israel's unchecked militarism, are an opportunity to present itself as a security provider. For India, which fought with Pakistan in May, the agreement could complicate its manoeuvres in West Asia. As India has taken a pro-Israel tilt, Arab monarchies seem to be hedging their bets, even if that means overlooking India's concerns. Yet, it is not clear whether the agreement offers Pakistan's nuclear umbrella to Saudi Arabia or an immediate Saudi response if Pakistan comes under attack. Risks of entrapment come with the agreement: Pakistan could be dragged into West Asia's polycrisis or Saudi Arabia could be pulled into the tensions in South and Central Asia. India must prepare for rapid changes in West Asia's security order. It might be tempted to double down on its tilt towards an isolated, dangerous Israel. That would be a mistake. Instead, India's long-term focus should be on promoting stability in the region, and maintaining a strategic balance among all pillars of its West Asia policy.

***Date: 20-09-25***

# The Saudi-Pakistan pact is a dodgy insurance policy

***The pact, seemingly with the blessings of the United States, is essentially for optical effect***

**Mahesh Sachdev, [ Mahesh Sachdev is a retired Indian Ambassador specialising in West Asia and oil affairs.]**



The signing of the Strategic Mutual Defence Agreement (SMDA) in Riyadh, on September 17, 2025, by the Saudi Crown Prince Mohammed bin Salman and Pakistani Premier Shahbaz Sharif, with Field Marshal Asim Munir in attendance, is a victory of future hope over past experience. Sunni majority Saudi Arabia and Pakistan share several commonalities. But they also have significant differences, restricting their past defence cooperation. Moreover, they have mutually dissenting threat perceptions.

All this prompts questions about whether the recent agreement would be effective and sustainable, and its granular impact on South West Asia.

## The highs and the lows

The bilateral defence links date back to 1951, and their golden period was during 1979-89 when a nearly 20,000-strong Pakistani military contingent was deployed in Saudi Arabia to protect the Holy Harams and Al-Saud in addition to acting as the bulwark against Iran and Yemen. However, mutual differences soon clouded the equation.

At the perceptional level, while the Saudi leadership treated the Pakistani contingent as paid Praetorian Guards, Pakistani top brass, used to commanding back home, bristled at being ordered around. Saudi insistence against the exclusion of Shia troops among the Pakistan contingent was often a deal breaker. By 1990, the entire contingent was sent back. During the subsequent threats faced by the Kingdom — from the Iraqi invasion of Kuwait in 1990 to the Yemeni civil war in 2015 — Pakistan declined Saudi call for deployment, much to the Saudi chagrin. Pakistan avowedly limited their military involvement to defending the kingdom's two Holy Harams against foreign invasion.

The Pentagon has traditionally underpinned the Saudi-Pakistani defence alliance, albeit in an over-the-horizon manner. In the current case, too, the chronology suggests United States involvement. On June 7, Mr. Sharif and Field Marshal Munir met the Saudi Crown Prince in Riyadh to announce the bilateral "strategic cooperation". On June 22, with the Israel-Iran air war raging, U.S. President Trump hosted a "private lunch" at the White House for Field Marshal Munir, without any previous acquaintance. Circumstantial evidence suggests that the Saudi Crown Prince used his proximity to Mr. Trump to arrange a brainstorming of Pakistan's role in defending Saudi Arabia and other pro-Western regional countries.

Subsequent bromance between the Trump administration and General Headquarters Rawalpindi was presumably under the conviction that Pakistan had the smart keys to the western geostrategic piquancy in West Asia, ranging from a backdoor to Iran to anchoring Gulf Cooperation Council (GCC) security through "boots on the ground." The SMDA was a Hobson's choice for the Saudi Crown Prince. He is known to have demanded that the U.S. fulfil three prerequisites for Saudi recognition of Israel: a binding bilateral Defence Agreement, access to nuclear technology and state-of-the-art American weapon systems. The U.S., in turn, wanted Saudi Arabia to recognise Israel first to enable the passage of the proposed pact through the Congress. However, this delicate choreography was upended by the Hamas blitz on Israel, on October 7, 2023, and the subsequent Israeli invasion of Gaza. The death and destruction in Gaza has caused massive opprobrium and vitiated the political ambience in the Arab Islamic Ummah, forcing the Kingdom, which hosts Islam's two holiest shrines, to postpone the move indefinitely. Thus, the SMDA became a distant consolation prize for Riyadh.

The September 9 Israeli air attack on Hamas's office in Doha added an air of urgency to the SMDA process: it was the first Israeli military attack on a GCC member, viz., Qatar, which hosts the largest U.S. military base in West Asia and has a defence agreement with the U.S. While Washington conceded to having been pre-informed by Israel, it did not defend the country, as obligated, and lamely offered assurance that such attacks would not be repeated. The episode dented the credibility of the U.S.'s security assurances to the GCC States, including Saudi Arabia.

## The calculations

Historically, Riyadh has avoided stationing any Arab military contingents on its soil to avoid a political pollination of its masses. It has also chosen not to have troops from Türkiye, the former colonial master. The deployment of non-Muslim U.S. and North Atlantic Treaty Organization troops in the Kingdom to defend Islam's holy shrines during the 1990-91 Kuwait war caused a serious religious rift in the powerful Saudi clergy. Thus, past reservations notwithstanding, Riyadh has narrowed down to the SMDA with Pakistan.

Four points need to be mentioned. First, the Kingdom has got along reasonably well without foreign forces on its soil since 1991, having survived al-Qaeda terrorism, the second Iraqi war and the Yemeni civil war. Riyadh has ordered nearly $100 billion worth of advanced American weapons during Mr. Trump's visit earlier this year, further bolstering its defences. Second, Pakistan is now a declared nuclear weapons state, and the SMDA could come in handy in case Iran becomes one. Third, Pakistan's strategic tie-up with China, its "all-weather friend", may be an obstacle in the way of an unmitigated military camaraderie. Last but not least, while a transfer of Pakistani nuclear weapons to Saudi Arabia under the SMDA is possible, it would be highly improbable, given Israeli red lines. It would be recalled that during the June 2025 war, Pakistani generals reportedly promised to extend a nuclear umbrella to Iran against Israel, only to swiftly recant. However, given A.Q. Khan's precedent, a surreptitious transfer of technology for developing nuclear weapons and delivery systems cannot be ruled out. For these reasons, the SMDA is likely to presage smaller Pakistani footprints in Saudi Arabia than the past involvements.

Islamabad's calculations from the SMDA are likely to be quite asymmetrical to Riyadh's. It has no intention to fight Iran, Yemen or Israel at Saudi behest any more than Saudi would take an active adversarial military role against India or Afghanistan in a South Asian conflict. It would rather exploit the Saudi insecurity to its multiple advantages, keenly monetising the IOUs ('I owe you') from Riyadh and Washington to get defence hardware, train on Saudi equipment and personal aggrandisement of its top brass. They would

also hope that this trilateral axis would underwrite its intrinsic strategic disadvantage against India. Pakistan would also expect large dollops of Saudi funds and oil supplies to salvage its moribund economy.

Thus, on balance, unless the worst-case scenario pans out — when all bets are off — the SMDA is essentially for the optics and to ensure that Islamabad stays away from Tehran.

### What it means for India

Where does the SMDA leave India? Here, India has few cards. India is the world's third-largest oil importer and the only large economy with rising oil consumption. It is traditionally Saudi Arabia's second-largest trading partner and crude buyer. Its diaspora, the Kingdom's largest, is preferred for competence and non-interference. Energetic diplomacy since 2014 has enabled India to bond well with Saudi Arabia, creating bilateral defence and intelligence-sharing ecosystems. Saudi Arabia plans to invest $100 billion in India, although actual delivery is far short. Significantly, while announcing the SMDA, Reuters quoted an unnamed senior Saudi official as acknowledging the need to balance relations with Pakistan and India, "also a nuclear power". He added, "Our relationship with India is more robust than it has ever been. We will continue to grow this relationship and seek to contribute to regional peace in whichever way we can." An official Indian spokesman has also hinted that Riyadh took New Delhi into confidence over the SMDA negotiations. This not only shows that Riyadh needs all the friends it can get on board but also that India's strategic geoeconomic heft seems enough for the moment to "balance" tactical manoeuvring by Pakistan. The SMDA, nevertheless, enjoins India to be vigilant and create greater synergies across the Arabian Sea.

---

दैनिक भास्कर

***Date: 20-09-25***

# पाक - सऊदी करार के हमारे लिए क्या मायने हैं?

**संपादकीय**

सऊदी - पाक सैन्य करार का वह अंश कि एक देश पर हमला दूसरे देश पर हमला माना जाएगा, भारत के लिए चिंता का सबब है। सऊदी अरब हमारा मित्र है और पाकिस्तान शत्रु । चिंता तब बढ़ जाती है जब यह पता हो कि खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी इकोनॉमी यूक्रेन, भारत और कतर के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी हथियार आयातक भी हो । पाकिस्तान एक न्यूक्लियर देश है। सऊदी के पास आधुनिक हथियारों का भंडार है। ऐसी संधि इससे पूर्व यूरोप के देशों ने नाटो बनाकर की थी। यूक्रेन को इस संगठन का सदस्य बनने से रोकने के लिए ही रूस ने युद्ध शुरू किया था। लेकिन भारत सरकार ने कहा कि उसे सऊदी सरकार ने इस समझौते के बारे में पहले से बता दिया था। भारत यह भी मानता है कि समझौता भारत को केंद्र में रखकर नहीं बल्कि इजराइल के अरब देशों पर हालिया हमलों के मद्देनजर किया गया है। सऊदी अरब की तरह पाकिस्तान भी इजराइल के खिलाफ रहा है। भारत की मंशा कभी भी किसी देश पर हमला करने की नहीं, बल्कि

किसी घटना के प्रतिकार की रही है । लेकिन इस समझौते से पाकिस्तान को कई तरह के लाभ होंगे। सऊदी अरब की 1.14 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का बड़ा हिस्सा ( 44% - जो पहले 85% था ) आज भी तेल से आता है और जीडीपी का 7% रक्षा पर खर्च होता है । युद्ध की स्थिति में क्या वह भारत के खिलाफ पाक को मदद देगा ?

---

दैनिक जागरण

*Date: 20-09-25*

# चिंता बढ़ाता सऊदी अरब

**संपादकीय**

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा समझौता होने से भारत का सशंकित होना स्वाभाविक है। यह कोई सामान्य रक्षा समझौता नहीं है, क्योंकि इसमें यह कहा गया है कि यदि किसी भी देश पर हमला होता है तो उसे दोनों देशों के खिलाफ माना जाएगा। इसके चलते यह प्रश्न उठा है कि यदि भारत भविष्य में पाकिस्तान के खिलाफ वैसी कोई सैन्य कार्रवाई करता है, जैसी पिछले दिनों आपरेशन सिंदूर के तहत की गई तो क्या सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ वैसे ही खड़ा होगा, जैसे चीन और तुर्किये खड़े हुए थे? इस प्रश्न पर विचार करते समय इस पर भी ध्यान देना होगा कि आपरेशन सिंदूर पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई थी। क्या सऊदी अरब आतंकवाद के खिलाफ की जाने वाली सैन्य कार्रवाई को भी पाकिस्तान पर हमले के रूप में देखेगा? भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखेगा, लेकिन यदि उसे भारत के हितों की चिंता होती तो क्या वह पाकिस्तान से वैसा समझौता करता, जैसा अमेरिका के प्रभुत्व वाले सैन्य संगठन नाटो के सदस्य देशों ने कर रखा है? क्या सऊदी अरब ने पाकिस्तान से नाटो जैसा रक्षा समझौता इसलिए किया, क्योंकि वह अमेरिका पर पहले जितना भरोसा नहीं कर पा रहा है? कहना कठिन है, लेकिन ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि एक तो अमेरिका का प्रभाव तेजी से घट रहा है और दूसरे, सऊदी अरब ने यह देखा कि कुछ दिनों पहले इजरायल ने किस तरह उसके पड़ोसी देश कतर में हमला किया।

कतर में अमेरिका का सैन्य ठिकाना होने के बाद भी इजरायल ने उस पर हमला करने में संकोच नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मानें तो उन्हें कतर पर इजरायली हमले की कहीं कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन शायद सऊदी अरब इस पर यकीन करने के लिए तैयार नहीं। जो भी हो, इस समझौते ने अमेरिकी राष्ट्रपति के अब्राहम समझौते को आगे बढ़ाने के सपने पर भी पानी फेरने का काम किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति इस समझौते को विस्तार देकर अन्य अरब देशों और इजरायल में मित्रवत संबंध कायम करना चाहते हैं। यदि सऊदी अरब ने अपनी सुरक्षा चिंताओं का समाधान करने के लिए पाकिस्तान से रक्षा समझौता करना बेहतर समझा तो यह अमेरिका से ज्यादा भारत के लिए चिंता का विषय है। यह समझौता पाकिस्तान का दुस्साहस बढ़ाने का जरिया बन सकता है। इस समझौते ने पश्चिम एशिया में भारत की कूटनीतिक चुनौती बढ़ा दी है। इस चुनौती से पार पाने के लिए भारत को एक ओर जहां अपनी कूटनीति को धार देनी होगी, वहीं दूसरी ओर अपनी सैन्य एवं आर्थिक शक्ति भी बढ़ानी होगी। इसके अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं, क्योंकि पश्चिम एशिया में

भारत के व्यापक हित निहित हैं।

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

*Date: 20-09-25*

## गाजा का समाधान

**संपादकीय**

पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच हमास के बगैर द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में भारी समर्थन मिला और गाजा में इजरायल के हमले की आलोचना की गई। फ्रांस संयुक्त राष्ट्र महासभा में न्यूयॉर्क प्रस्ताव लेकर आया था जिसके पक्ष में 142 मत पड़े जबकि 10 देशों (अमेरिका और इजरायल सहित ) ने विरोध में मतदान किया। 12 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। यह 22 सितंबर को होने वाले संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से पहले आया है, तथा इसमें फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और पुर्तगाल जैसे अमेरिका के सहयोगी देशों द्वारा फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दिए जाने की बात कही गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दौरे के बाद ब्रिटेन ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा |जर्मनी ने भी न्यूयॉर्क प्रस्ताव का समर्थन किया है मगर वह फिलिस्तीनी राज्य का समर्थन नहीं करेगा। इजरायल के साथ जर्मनी के संबंध पेचीदा रहे हैं।

मगर विडंबना यह है कि भारत सहित दूसरे देशों और अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों द्वारा कड़ी निंदा के बाद भी इजरायल और उसका समर्थक अमेरिका अपने रुख से पीछे नहीं हट रहा है। हमास नेतृत्व को निशाना बना कर कतर की राजधानी दोहा में हुए इजरायल के हवाई हमलों के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूती देने पर वरुशलम में चर्चा की। इस बीच, गाजा पर इजरायली हमले बेरोक-टोक जारी हैं। इन हमलों के कारण हजारों फिलिस्तीनी विस्थापित हो गए हैं और पश्चिमी तट पर इजरायल द्वारा अवैध वस्तियां बनाने का सिलसिला भी जारी है। इस बीच, अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन की बहुप्रतीक्षित बैठक के बाद कतर पर इजरायल के हमले की निंदा करने वाला एक नरम बयान जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली गई। वास्तव में इजरायल हमास के बीच वार्ता में प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले और खाड़ी में अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य ठिकाने कतर के शीर्ष नेतृत्व ने एक ठोस रक्षा सहयोग समझौते के लिए रूबियो के साथ बातचीत की।

ये सभी बातें मौजूदा एवं बदलते वैश्विक भू-आर्थिक वास्तविकता की राजनीति को परिलक्षित कर रही हैं। 1970 के दशक में अरब राष्ट्रों ने योम किप्पुर युद्ध में इजरायल का समर्थन करने के लिए अमेरिका पर तेल प्रतिबंध लगा दिया था। तब अरब राष्ट्रों के पास ऐसे कदम उठाने की ताकत थी मगर अब अमेरिका तेल के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है और दुनिया की अकेली महाशक्ति होने के साथ ही हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है। इजरायल के कुल हथियारों के आयात में अमेरिका की लगभग 70 फीसदी हिस्सेदारी होती है। कुवैत, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात

(यूएई) के हथियार आयात में भी अमेरिका का 50-70 फीसदी तक दखल है। ये सभी देश फिलिस्तीन से आने वाले शरणार्थियों से परेशान रहे हैं। अमेरिका ने यूरेनियम पाने के लिए जिस तरह दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद वाले शासन पर गोल-मोल रुख अपनाया और वहां चार दशकों तक एक नस्लभेदी सरकार सत्ता में काबिज रही, ठीक उसी तरह अमेरिकी के द्विदलीय समर्थन (जो अब कमजोर पड़ा रहा है) की बदौलत पिछले सात दशकों से इजरायल, फिलिस्तीन के मानवाधिकारों पर चोट करता रहा है।

इस राय पर शंका जताई जा रही है कि अमेरिका अगर इजरायल को सैन्य मदद बंद या कम कर दे तो उसकी नीतियां बदल सकती है। नेतन्याहू के लंबे कार्यकाल के दौरान इजरायली नागरिकों में कट्टरता की बढ़ती भावना के बीच फिलिस्तीन को लेकर इजरायल अपनी मौजूदा नीतियां जारी रख सकता है। मगर एक बात तो साफ है कि गाजा में इजरायल के हमले की वैश्विक निंदा होने के बाद वास्तविक सहअस्तित्व के बिना वह (इजरायल) उस जमीन पर दीर्घकालिक शांति का अनुभव नहीं कर सकता है जिस पर वह अपना दावा करता रहा है।

---

***Date: 20-09-25***

# नेपाल की उथल-पुथल, भारत के लिए सबक

**श्याम सरन, ( लेखक पूर्व विदेश सचिव हैं। )**




हाल ही में श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में हुई हिंसक घटनाओं का एक बड़ा कारण युवा पीढ़ी के लिए विकास और रोजगार के अवसरों की कमी रहा है। यह युवा पीढ़ी अधिक शिक्षित है, क्षेत्रीय और वैश्विक रुझानों से अधिक परिचित है और इंटरनेट एवं सोशल मीडिया की बदौलत आपस में और व्यापक दुनिया के साथ अधिक जुड़ी हुई है। इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के जरिये ऐसी भावनाएं और बवंडर उत्पन्न होते हैं जिनका कोई वास्तविक मकसद नहीं होता है मगर वे निराशा और आक्रोश व्यक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

एक अनुमान के अनुसार नेपाल के 73 फीसदी घरों में मोबाइल फोन हैं और 55 फीसदी आबादी नियमित रूप से इंटरनेट का उपयोग करती है। अधिकांश विकासशील देशों की तरह यह अनुपात उस पीढ़ी के लिए अधिक होगा जिसे अब 'जेनजी' (जेनेरेशन ज़ी) कहा जा रहा है। यह एक सशक्त पीढ़ी है, लेकिन हमेशा इतनी सक्षम नहीं है कि उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण, आर्थिक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों और उनमें मानवता का हिस्सा होने की भावना जागृत करने में इस्तेमाल किया जा सके।

इसके लिए गुणवत्तापूर्ण राजनीतिक नेतृत्व की आवश्यकता है मगर अफसोस की बात है कि यह उपलब्ध नहीं है। यह समझना बेहद जरूरी है कि हमारे उप-महाद्वीप के पड़ोसियों एवं कुछ अन्य देशों जैसे इंडोनेशिया में जो उथल-पुथल हुई है वह लोकतांत्रिक देश हैं, चाहे उनमें कितनी भी खामियां क्यों न हों।

ऐसा लगता है कि लोकतंत्र का झुकाव कुलीन तंत्र और कभी-कभी तानाशाही की ओर हो जाता है, भले ही उनकी चुनावी प्रणाली सक्रिय बनी रहे। चुनावों में धन बल के बढ़ते उपयोग और राजनीतिक ओहदों का इस्तेमाल अमीर बनने तथा अगले चुनाव में इस्तेमाल के लिए और अधिक धन जुटाने के लिए करने से समृद्ध और ताकतवर अभिजात वर्ग आम जनमानस में लोकप्रियता से अलग-थलग होने लगता है। इसमें आश्चर्य करने जैसी कोई बात नहीं है।

नेपाल में वायरल हुए 'नेपो-बेबी' मीम ने देश के राजनीतिक अभिजात वर्ग की संतानों की अमीर और शानदार जीवनशैली की ओर ध्यान खींचा जबकि दूसरी तरफ देश के साधारण युवाओं के पास कोई नौकरी या आर्थिक अवसर नहीं थे। आम तौर पर ऐसा होता है कि यदि लोगों के विरोध का खतरा उत्पन्न होता है तो उन्हें संकीर्ण राष्ट्रवाद या पहचान से जुड़ी चिंता में उलझा दिया जाता है। नेपाल में भी हमने यह देखा है जहां दोनों देशों के बीच मजबूत आम जन संबंध और गहरी सांस्कृतिक समानताएं कभी-कभी जानबूझकर भारत विरोधी भावनाओं के शिकंजे में आ जाती हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि नेपाल में हालात इस कदर बिगड़ गए थे कि इस बार के उथल-पुथल में आमतौर पर दोहराया जाने वाला भारतीय साजिश का पक्ष गायब था। ऐसा लगता है कि राजनीतिक औजार के रूप में हालात से ध्यान हटाने की कवायद की भी अपनी सीमाएं हैं।

इससे पहले कि एक विपरीत मानसिकता हावी हो जाए जिसमें पड़ोसी देशों में हो रही उठापटक में हमेशा किसी विदेशी ताकत का हाथ देखा जाता हो तो इस मानसिकता की तह तक जाना जरूरी है। ऐसा लगता है जैसे उन देशों के लोग सभी प्रकार की शक्तियों से रहित हैं। यह रवैया इस बात का कोई भी गंभीर और गहन विश्लेषण करने से रोकता है कि भारत के हितों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण इस परिधि में कौन सी ताकतें काम कर रही हैं।

नेपाल में राजनीतिक बदलाव के बीच भारत का नजरिया क्या होना चाहिए? पहली बात, नेपाल के लोगों की भावनाओं के साथ जुड़े रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के पदभार ग्रहण करने का स्वागत कर और काठमांडू की सड़कों से भारी मलबा हटाने में मदद करने के लिए नेपाली युवाओं की प्रशंसा कर सही दिशा में कदम बढ़ाया। हिंसक दंगाइयों, लुटेरों और नेपाली युवाओं के बीच अंतर करना जरूरी था। इससे एक सकारात्मक संकेत जाता है।

दूसरी बात, इस प्रक्रिया में खुद को शामिल करने की ललक से बचा जाना चाहिए। ऐसे समय आते हैं जब प्रत्यक्ष तौर पर नहीं दिखना अधिक विवेकपूर्ण नीति होती है। मगर मांगे जाने पर समर्थन और सलाह देने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। तीसरी बात, पुनर्निर्माण और आर्थिक पुनरुद्धार के भारी भरकम कार्य में सहयोग करने के लिए तैयार रहें क्योंकि इसमें कोताही बरतने से एक सफल राजनीतिक बदलाव पटरी से उतर जाएगा और फिर एक उथल-पुथल की स्थिति पैदा हो जाएगी।

हमें मालदीव और श्रीलंका में हाल में हुए राजनीतिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिक्रिया की तुलनात्मक सफलता से सीख लेनी चाहिए। श्रीलंका को उसके गहरे आर्थिक एवं वित्तीय संकट के अंधेरे दिनों में भारत के त्वरित समर्थन से काफी मदद

मिली। वहां भारत के प्रति असहज दिखने वाली एक राजनीतिक पार्टी के सत्ता में आने के बावजूद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में अधिक सकारात्मक मोड़ आए हैं। मालदीव में भारत ने उस समय पहल नहीं कि जब 'भारत को बाहर करो' अभियान ने वर्तमान राष्ट्रपति को सत्ता में पहुंचा दिया। इसके बजाय निकटता और परस्पर आर्थिक सहयोग के तर्क को हावी होने दिया। फिलहाल दोनों देशों के संबंध संतुलित लग रहे हैं।

बांग्लादेश और नेपाल दोनों के मामले में यह आलोचना हुई है कि भारत बेखबर रहा और चेतावनी की अनदेखी की गई। यह भी आरोप लगाया गया कि पड़ोसी देश में पिछले कुछ समय से चल रहे घटनाक्रम पर ध्यान देने या उसे रोकने या फिर अंदाजा लगाने की कोशिश नहीं की गई। इस पर चर्चा की जा सकती है कि भारत के पास ऐसी राजनीतिक घटनाओं को रोकने की शक्ति और प्रभाव हैं या नहीं। लेकिन यह कई स्तरों पर निरंतर राजनीतिक जुड़ाव की कमी को जरूर उजागर करता है कि भारत को अपने आसपास हो रहे घटनाक्रम से भिज्ञ रहने की आवश्यकता है। नेतृत्व स्तर सहित राजनीतिक सहभागिता, आकस्मिक होती है, जो अधिकतर संकट के कारण उत्पन्न होती है। बाकी समय अधिकारियों के स्तर पर ही संबंधों का प्रबंधन किया जाता है। मानव संसाधन और साधन दोनों की कमी के कारण अफसरशाही से प्रबंधन भी कारगर नहीं रह गया है। 'पड़ोस प्रथम' एक आकांक्षा बनी हुई है, लेकिन हमारी विदेश नीति में यह बात परिलक्षित नहीं हो पा रही है।

भारत के अपने पड़ोस के साथ संबंधों के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय दोनों आयाम हैं। भारतीय उप-महाद्वीप एक एकल भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्र है। राजनीतिक सीमाओं के पार जातीय और पारिवारिक रिश्तों-नातों के विस्तार के साथ एक साझा इतिहास और संस्कृति है। भारत क्षेत्र का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली देश होने के नाते क्षेत्रीय एकीकरण से बहुत कुछ हासिल कर सकता है। यूरोपीय संघ या कम से कम आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ) की तर्ज पर दक्षिण एशिया को एक साथ लाने के आधे-अधूरे प्रयास हुए हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि इस प्रयास से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया गया है। यह एक गलती है। 'पड़ोस प्रथम' नीति के लिए द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के साथ-साथ एक क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य भी जरूरी है।

---

जनसत्ता

**Date: 20-09-25**

# सतर्कता के मोर्चे

**संपादकीय**

गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने हाल में सऊदी अरब के साथ एक 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा' समझौता किया है। इसके मुताबिक, दोनों देशों में से किसी पर भी अगर कोई हमला होता है, तो उसे 'दोनों के विरुद्ध आक्रमण' माना जाएगा। यानी ऐसी स्थिति में दोनों एक-दूसरे का साथ देंगे। निश्चित तौर पर यह भारत के लिए चिंता का विषय है और माना जा रहा कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता पर इस समझौते के प्रभावों का अध्ययन करेगी। यहां सवाल यह भी है कि क्या भारत से संबंधों को लेकर सऊदी अरब का नजरिया बदल गया है ? अगर हाल-

फिलहाल के घटनाक्रमों को देखें तो ऐसा कुछ नजर नहीं आता है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत और सऊदी अरब के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ हुई है। साथ ही उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब रणनीतिक तौर पर भारत के साथ पारस्परिक हितों और संवेदनशीलता को ध्यान में रखेगा।

ताजा समझौता इस वर्ष मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के चार महीने बाद हुआ है और इस दृष्टि से भारत की चिंता जायज है। पाकिस्तान के इस कदम को भारत पर रणनीतिक रूप से मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है। मगर एक सच यह भी है कि पाकिस्तान वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट, महंगाई और बेरोजगारी समेत कई मोर्चों पर जूझ रहा है। ऐसे में सऊदी अरब के साथ समझौते का एक अहम मकसद वित्तीय मदद हासिल करना भी है। वहीं, सऊदी अरब के भी अपने तकाजे हैं। वह ईरान और इजराइल की तनातनी से उत्पन्न क्षेत्रीय अशांति के खतरों के विरुद्ध अपनी सुरक्षा मजबूत करना चाहता है। मगर भारत के संदर्भ में देखें तो सऊदी अरब यहां लंबे समय से रणनीतिक और आर्थिक संबंधों में निवेश करता रहा है। भारत, सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश है। मगर उसका नया रुख चौंकाने वाला है। जो भी हो, इस समझौते से उपजी किसी भी आशंका एवं संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और भारत को सतर्क रहकर भविष्य के लिए अपनी रणनीतियां तय करनी होंगी।